प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

....

देश में सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की मतगणना आज हो रही है। इनमें हिमाचल प्रदेश के देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र भी शामिल हैं। इन क्षेत्रों में 10 जुलाई को मतदान हुआ था। उप–चुनाव के लिए मतगणना आज सुबह 8 बजे से शुरू हो गई है। मतगणना पूरी होने के तुरंत बाद आज चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती की जा रही है। हमीरपुर निर्वाचन क्षेत्र की मतगणना हमीरपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नालागढ़ में हो रही है। इसी तरह देहरा विधानसभा क्षेत्र के वोटों की गिनती राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में की जा रही है। इन चुनाव परिणामों से तीन विधानसभा क्षेत्रों में 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। इनमें देहरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह सहित 3 निर्दलीय उम्मीदवार सुलेखा देवी, अरूण अंकेश स्याल और एडवोकेट संजय शर्मा शामिल है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा, भाजपा उम्मीदवार आशीष शर्मा और निर्दलीय उम्मीदवार नंदलाल शर्मा चुनाव मैदान में है। इसी प्रकार नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार हरदीप सिंह बावा, भाजपा उम्मीदवार के.एल. ठाकुर और स्वाभिमान पार्टी के उम्मीदवार किशोरी लाल के भाग्य का फैसला आज हो रहा है।

....

प्रदेश के तीनों विधानसभा उप–चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। इनमें देहरा में 5, हमीरपुर में 3 और नालागढ़ में 5 प्रत्याशियों के लिए पड़े मतों की गिनती हो रही है।

शुरूआती मतगणना आंकड़ों के अनुसार देहरा विधानसभा क्षेत्र में तीसरे राउंड की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह 7 हजार 8 सौ 44 मतों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। यहां कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर को अभी 7 हजार 2 सौ 87 मत मिले हैं।

वहीं हमीरपुर उप–चुनाव में पहले राउंड की मतगणना के अनुसार 3 हजार 4 मतों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेंद्र वर्मा बढ़त बनाये हुए हैं। यहां भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को अभी 2 हजार 804 मत प्राप्त हुए हैं।

....

भारत संचार निगम लिमिटेड 4 जी और 5 जी सेवाओं के लिए प्रदेश में 1 हजार 2 सौ 45 टॉवर स्थापित कर रहा है जिसमें से 700 टॉवर स्थापित हो चुके है। प्रदेश के हर कोने में इस साल के अंत तक 4 जी सेवा उपलब्ध होगी और अगले वित्त वर्ष के शुरू में ग्राहकों को 5जी सुविधा मिलेगी। ये जानकारी देते हुए बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक विवेक जायसवाल ने बताया कि बीएसएनल का उद्देश्य लोगों तक बेहतर और सस्ती दरों पर सेवाएं पहुंचाना है। आज के प्रतिस्पर्धा वाले समय में जहां दूसरी मोबाइल कंपनियों ने हाल ही में अपने प्लान महंगे किए हैं वही बीएसएनल पुरानी दरों पर ही सेवाएं दे रहा है जिससे वर्तमान में निजी मोबाइल कंपनियां के मुकाबले बीएसएनएल के पैकेज करीब 45 प्रतिशत सस्ते हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस वर्ष एक लाख 30 हजार हाई स्पीड ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

....

प्रदेश के स्कूलों में लगभग 2200 के करीब शिक्षकों के विभिन्न पदों को भरने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसे शीघ्र ही अध्यापकों की कमी वाले स्कूलों को ये शिक्षक मिलेगे। ये बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कल शिमला जिला के कड़ीवन में वॉलीबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि खिलाड़ियों को अच्छी सुविधाएं मुहैया करवाई जाए और इस तरह के खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई प्रतिभाओं के लिए मंच उपलब्ध होता है। रोहित ठाकुर ने युवा वर्ग में नशे का आकर्षण बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवओं की खेलों के प्रति सहभागिता अनिवार्य होनी चाहिए ताकि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता रहे और अपने क्षेत्र, देश व प्रदेश का नाम रोशन करते हैं रहे।

....

सुर्खियां समाचार पत्रों से..............

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश मंत्रिमंडल में कल लिये गए निर्णयों से जुड़ी खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला का शीर्षक है– करदाताओं, नेताओं को निशुल्क बिजली नहीं एक परिवार को एक मीटर पर मिलेगी सब्सिडी। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है– अमीरों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली बंद।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–मंत्रिमंडल के फैसले–जे.ओए–आईटी पोस्ट कोड 309 और 339 के रिजल्ट निकालने को हरी झंडी–7 सौ से ज्यादा पद भरने को भी दी मंजूरी। दैनिक सवेरा टाईम्स लिखता है– हिमाचल मंत्रिमंडल की कांगड़ा हवाई अड्डा विस्तार के लिए भू–अधिग्रहण को मंजूरी।

प्रदेश हाई कोर्ट के नए न्यायाधीश के रूप में राजीव शकधर की नियुक्ति की सिफारिश संबधी खबर को आपका फैसला ने शीर्षक दिया है– हिमाचल हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे राजीव शकधर। इसी खबर पर दैनिक जागरण की सुर्खी है– जस्टिस राजीव शकधर होंगे मुख्य न्यायाधीश–जस्टिस एम.एस.रामचन्द्र रॉव होंगे झारखंड स्थानांतरित।

अपात्र महिलाओं को 1500 मिले तो रिकवर होंगे शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है– गलत जानकारी देने पर होगी कार्रवाई

पंजाब केसरी की एक खबर है– तीनों उप–चुनाव के नतीजे जो भी रहें, सुक्खू सरकार बनी रहेगी स्थिर।